A52

Regd. No. S-31841/1997

Residents Welfare Association

SHAKTI VIHAR, BLOCK-A

House No. 93, Gali No. 4, Shakti Vihar, Block-A, Near Meethapur Chowk, Badarpur, Delhi-110044

President : K.C. Gautam 9871415131 **General Sic. : Satish Sharma 9911441027**

Ref. No. ....

Date : 17/11/11

मान्नीय निदेशक (योजना)
एमपीआर दिल्ली विकास प्राधिकरण,
विकास मीनार, 6वीं मंजिल,
नई दिल्ली-110002

OFFICE OF UDM
Dy. No. 4004
Date 18/11/11

विषयः- मास्टर प्लान 2021 में दिल्ली विकास प्राधिकरण के द्वारा शक्ति विहार ब्लाक ए मीठापुर (1639/186) कालोनी को ओ जोन (Zone O) से निकालकर एफ जोन (Zone F) में डाले जाने हेतू निवेदन।

महोदय,

आपसे विनम्र निवेदन है कि शक्ति विहार ब्लाक ए (1639/186) दिल्ली सरकार की 1639 अनाधिकृत कालोनियों की सूची में 186 पर सूचीबद्ध हैं। दिल्ली विकास प्राधिकरण के द्वारा तैयार व लागू किया गया मास्टर प्लान 2021 में हमारी कालोनी को जोन ओ (Zone O) में रखा गया है, जोकि सरासर गलत है। माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा पारित आदेशों के अनुसारयमुना नदी का अग्रभाग/यमुना बैड या यमुना नदी की धारा से दोनो ओर 300 मीटर के क्षेत्र में आ रहे इलाके के ही संरक्षण पर जोर दिया गया है।

हमारी कालोनी शक्ति विहार ब्लाक ए मीठापुर (186) यमुना नदी से लगभग काफी दूरी पर है व हम लोग यमुना नदी के किनारे या अग्रभाग पर नहीं बैठे है। हमारी कालोनी के बाद दिल्ली की कुछ और कालोनियाँ हैं व उसके बाद हरियाणा के गांव बसन्तपुर, ईस्मायलपुर, अगवानपुर, सेहतपुर व हरियाणा की कुछ कालोनियाँ भी आती है व उसके बाद कहीं जाकर यमुना नदी बहती है, जबकि दिल्ली विकास प्राधिकरण के द्वारा यमुना नदी से 1 किलोमीटर के दायरे में आ रही कालोनियों को पी जोन में रखा गया है, फिर हम तो लगभग 6 किलोमीटर की दूरी पर बैठे है।

दिल्ली विकास प्राधिकरण ने हमारे क्षेत्र के बराबर में एफ जोन लागू किया है। अतः आपसे हमारा विनम्र निवेदन है कि आप कृपया हमारी कालोनी को भी एफ जोन की श्रेणी में ही रखें। हम आपके सदैव आभारी रहेंगें।

आपका आज्ञाकारी,

(के.सी. गौतम)
प्रधान

K. C. GAUTAM
President
Residents Welfare Association
Shakti Vihar, Block-A, (Regd.)
Meethapur, Badarpur, N.Delhi-44

17/11/11
PS to UDM
Secretary UD

प्रतिलिपिः-
1- माननीय उपराज्यपाल, राजनिवास, दिल्ली
2- श्री कमलनाथ जी, माननीय शहरी विकास मंत्री, भारत सरकार,
3- श्री रमेश कुमार माननीय सांसद दक्षिण दिल्ली।
4- श्री रामसिंह नेताजी माननीय विधायक, बदरपुर विधानसभा क्षेत्र।